मेरा श्याम है

वो कौन है जिसने, हम को दी पहचान है ll,
कोई और नहीं वो, खाटू वाला श्याम है l
*जिसकी रहमत से, होता हर इक क़ाम है ll,
मेरा श्याम है,,, मेरा श्याम है,,,
"वो कौन है जिसने, हम को दी पहचान है,
कोई और नहीं वो, खाटू वाला श्याम है" ll

हर चाहत पूरी कर दी,
दिल की आवाज़ को सुनकर ll
फूलों की सेज सजा दी,
राहों से काँटे चुनकर l
*ये किसकी कृपा से,
हर सुख हर आराम है ll,
मेरा श्याम है,,, मेरा श्याम है,,,
"वो कौन है जिसने, हम को दी पहचान है,
कोई और नहीं वो, खाटू वाला श्याम है" ll

मुझे याद है बीते दिन वो,
जब खुशियां थी ओझल सी ll
हर दिन था दुख से मिलना,
हर घड़िया थी मुश्किल सी l
*फिर किसने आकर,
उनको दिया विराम है ll,
मेरा श्याम है,,, मेरा श्याम है,,,
"वो कौन है जिसने, हम को दी पहचान है,
कोई और नहीं वो, खाटू वाला श्याम है" ll

कंकर को मोती कर दे,
पत्थर में फ़ूल खिलाए ll
इस ज़ग में एक ही है जो,
मिट्टी में नाव चलाए l
*वो कौन है जो गिरते को,
लेता थाम है ll,
मेरा श्याम है,,, मेरा श्याम है,,,
"वो कौन है जिसने, हम को दी पहचान है,
कोई और नहीं वो, खाटू वाला श्याम है" ll

हमने तो वो भी पाया,
जो ना था हमारे हक़ में ll
"सोनू" का नाम लिखा है,
तुमने ही आज फ़लक में l
*ये किसकी बदोलत,

चेहरे पर मुस्कान है,
मेरा श्याम है, मेरा श्याम है,,,
"वो कौन है जिसने, हम को दी पहचान है,
कोई और नहीं वो, खाटू वाला श्याम है" ॥

अपलोडर- अनिलरामूर्तीभोपाल

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/23673/title/mera-shyam-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |